# पीलीभीत जिला सहकारी बैंक लि0, पीलीभीत

## प्रधान कार्यालयः 369, निकट छतरी चौराहा पीलीभीत–262001

जिला सहकारी बैंक लि0, पीलीभीत में दैनिक बचत जमा योजना के संचालन हेतु अनुबन्ध कमीशन के आधार पर कमीशन एजेण्ट की नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों के चयन हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र जिला सहकारी बैंक लि0, पीलीभीत के प्रधान कार्यालय के विकास अनुभाग एवं शाखा–पीलीभीत, सायंकालीन, पूरनपुर, शाहगढ़, बीसलपुर, माधौटांडा एवं अमरिया से दिनांक 01.02.2025 से 20.02.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निःशुल्क अथवा बैंक की वेबसाइट–www.dcbpilibhit.org से भी डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं, चयन का आधार केवल साक्षात्कार होगा।

| क0 सं0 | पद | रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक योग्यता | परिलब्धियां |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निक्षेप अभिकर्ता | 7 | न्यूनतम इण्टरमीडिएट | निक्षेप अभिकर्ता को निक्षेप पर बैंक द्वारा निर्धारित दर के अनुसार कमीशन दिया जायेगा। अन्य कोई भी मानदेय देय नहीं होगा। |

1. **कार्यकालः–** यह चयन पूर्णतः अस्थायी है तथा तीन वर्ष के लिए किया जायेगा। कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर तीन वर्ष से पूर्व भी किसी भी समय अनुबन्ध कमीशन के आधार पर किये गये चयन को समाप्त किया जा सकता है। इस संबंध में बैंक द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा। तीन वर्ष के सन्तोषजनक कार्य के आधार पर कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। किसी भी दशा में इस आधार पर बैंक में आमेलन विचारणीय नहीं होगा।
2. **वरीयताः–** ग्रामीण वित्तीय संस्थान, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान, एम.एफ.आई., बीमा, सेल्स एण्ड रिटेल अथवा विकास सम्बन्धी संस्थाओं में अनुभव के साथ–साथ सम्बन्धित शाखा क्षेत्र के स्थानीय अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।
3. **भाषाः–** अभयर्थी को हिन्दी/अंग्रेजी भाषा का कार्यकारी ज्ञान आवश्यक है।
4. **नियुक्तिः–**अभ्यर्थी को जनपद के नामित किसी भी शाखा में कार्य करने के लिए तैनात किया जा सकता है।
5. **आयुः–** अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.01.2025 पर न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष तक होनी चाहिए।
6. **न्यूनतम बाण्डः–** चयनित अभ्यर्थी को जमानत के रूप में रू0 50000.00 की एफ0डी0 के साथ रू0 3.00 लाख की फाइडेलिटी गारन्टी बीमा जिला सहकारी बैंक लि0, पीलीभीत में जमा करनी होगी। एक वर्ष की सेवा अवधि से पूर्व अनुबन्ध भंग करने पर नकद जमानत जब्त कर ली जायेगी। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी को अपने बचत खाते में रू0 2.00 लाख नकद जमा करने होंगे जो निक्षेप संग्रह में रोटेट होंगे।
7. **कार्य की प्रकृतिः–**जनसम्पर्क कर बैंक का खातेदार बनाते हुए दैनिक आधार पर अल्प बचत की राशि जमा कराना।
8. आवेदनकर्ता को आवेदन पत्र के साथ अपना आधार एवं पैन कार्ड के साथ–साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र/अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्नक करनी होगी।
9. चयनित अभ्यर्थियों के चरित्र के सम्बन्ध में पुलिस वेरीफिकेशन बैंक द्वारा कराया जायेगा।
10. अभ्यर्थी के पास उचित क्षमता का एनड्रायड फोन होना अनिवार्य होगा।
11. किसी भी प्रार्थना पत्र को अस्वीकार करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।
12. आवेदन पत्र फार्म की जॉच के उपरान्त पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर शाखा प्रबन्धक के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सम्बन्धित शाखाओं के माध्यम से अथवा बैंक मुख्यालय में रखें ड्राफ्ट बाक्स में सीधे जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र दिनांक 20.02.2025 को सायं 5.00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेगें। निर्धारित तिथि के पश्चात एवं अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर **"निक्षेप संचय अभिकर्ता के पद हेतु आवेदन"** अवश्य अंकित करें। पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अलग से सूचित किया जायेगा।

**आवेदन पत्र प्रेषित किये जाने का पता–** सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला सहकारी बैंक लि0, पीलीभीत प्रधान कार्यालयः 369, निकट छतरी चौराहा पीलीभीत–262001

# दैनिक बचत जमा योजना
## जिला सहकारी बैंक लि0, पीलीभीत
## प्रधान कार्यालयः 369, निकट छतरी चौराहा पीलीभीत–262001
## आवेदन पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साइज की सत्यापित नवीनतम फोटो

पद का नाम–निक्षेप अभिकर्ता (अनुबन्ध कमीशन के आधार पर)

1– अभ्यर्थी का पूरा नामः–
(1) हिन्दी.......................................................................................
(2) अंग्रेजी (कैपिटल अक्षरों में)......................................................

2– पिता/पति का नाम.......................................................................... ...............................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

3– आवेदक की जन्मतिथि (अंकों में)..........................................(प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)
(शब्दों में)...........................................................................................

4– आवेदक की आयु (दिनांक–01.01.2025 पर) वर्ष.........................माह..............................दिन..............................

5– विवाहित/अविवाहित..........................................................................................

6– आधार संख्या (स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)....................................................................

7– राष्ट्रीयता..........................................................................................

8– स्थायी निवास का पता ..........................................................................................
..........................................................................................पिन कोड..............................

9– वर्तमान पता/पत्र व्यवहार का पता..........................................................................
..........................................................................................पिन कोड..............................
मो0नं0–..........................................................ई–मेल..........................................................

10. शैक्षिक योग्यताः–(स्वप्रमाणित छाया प्रतियॉ संलग्न करें)

| क0सं0 | शैक्षिक योग्यता | वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | |
| 4 | परास्नातक | | | | | |
| 5 | अन्य | | | | | |

11– अनुभव ..........................................................................................(प्रमाण पत्र संलग्न करें).

12– यदि आप भूतपूर्व बैंक अधिकारी/कर्मचारी है तो निम्न सूचना दे (प्रमाणक भी संलग्न करें) पूर्व सेवायोजक का विवरण–.............
..........................................................सेवा की अवधि..........................................

**घोषणायें/वचन पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता की शर्तें सावधानीपूर्वक पढ़ ली हैं और वे शर्तें मैं पूरा करता/करती हूँ। आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिये गये समस्त विवरण/सूचनांये सत्य एवं सही हैं। मैने इस विवरण/सूचनाओं में कोई तथ्य नहीं छिपाया है यदि कोई तथ्य, विवरण/सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाय तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाय। यदि मेरा चयन हो जाता है तथा चयन के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आती है तो मेरी सेवायें समाप्त कर दी जाएँ। यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक मामला किसी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है और न ही मुझे किसी समिति, निगमित निकाय अथवा सरकार के अधीन किसी सेवा से सेवाच्युत किया गया है।

संलग्नक संख्याः–
स्थानः–
दिनांकः:–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर